**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय अर्न्तछात्रावास कबड्डी (पुरूष) प्रतियोगिता 2024–25

पन्तनगर। 29 अप्रैल 2025। विश्वविद्यालय में सत्र 2024–25 की विश्वविद्यालय अर्न्तछात्रावास कबड्डी (पुरूष) प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 23 से 28 अप्रैल 2025 तक स्टीवेन्सन स्टेडियम में किया गया। उक्त प्रतियोगिता में कुल 10 छात्रावासों की टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच एस.जे.भवन एवं टैगोर भवन के बीच खेला गया। एस.जे.भवन ने टैगोर भवन को 50–20 से पराजित कर उक्त प्रतियोगिता जीती।

उक्त प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. आनन्द सिंह जीना द्वारा विजेताओं को पुरूस्कृत किया गया तथा प्रतिभागियों को प्रोत्साहित एवं मार्गदर्शित भी किया गया। एस.जे. भवन के छात्र भावेश सिहं बानी को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। इस अवसर पर प्रभारी शारीरिक शिक्षा डा. ओम प्रकाश, सह अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. राजीव कुमार रंजन, कबड्डी के स्टाफ काउन्सलर डा. विरेन्द्र सिंह, सह निदेशक, शारीरिक शिक्षा डा. जी.एस. बोहरा, सह निदेशक, शारीरिक शिक्षा डा. पूनम त्यागी आदि उपस्थित थे।

इस प्रतियोगिता का आयोजन अधोहस्ताक्षरी एवं कबड्डी के स्टाफ काउन्सलर डा. विरेन्द्र सिंह ने सफलता पूर्वक किया। शारीरिक शिक्षा अनुभाग के कर्मचारियों एवं श्रमिको द्वारा उक्त आयोजन में सहयोग प्रदान किया गया।

निदेशक संचार